डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक CoE C69/ FNo.CoE-24A / Nur/Para Med.Suppl&Reg.-Exam- Feb-March,2024/TSM/DSMNRU/2023–24 दिनांक 10.02.2024

ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

{B.Sc.(Nursing)-Batch-1st/2nd/3rd/4th Year Suppl./Regular Exam &

B.Sc.(MLT) & BPT-Batch-2018-19/2019-20/2020-21/2021-22-1st/3rd/4th Year Suppl./Regular Exam- Feb-March,2024}

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी.एस.मिश्रा कालेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ में संचालित B.Sc. (Nursing) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत B.Sc.(Nursing)- 1st/2nd/3rd/4th Year Suppl./Reg.Exam-Feb-March,2024 हेतु प्राचार्य, टी.एस.मिश्रा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ के पत्र संख्या TSMCN/PO/2024/33 दिनांक 07.02.2024 के माध्यम से प्रेषित अर्ह/पात्र विद्यार्थियों की पात्रता–सूची के कम में संबंधित अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आयोजन की प्रक्रियान्तर्गत, निम्नलिखित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर समयबद्ध ऑन लाइन परीक्षा–आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करें।

उक्त के साथ–साथ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी.एस.मिश्रा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइन्स, लखनऊ में संचालित B.Sc.(MLT) & BPT पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत B.Sc.(MLT) & BPT-Batch-2018-19/2019-20/2020-21/2021-22-1st/3rd/4th Year Suppl./Regular Exam-Feb -March, 2024 हेतु प्राचार्य, टी.एस. मिश्रा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइन्स, लखनऊ के पत्र संख्या TSMCPS/2024/01/644 दिनांक 04.01.2024 के माध्यम से प्रेषित की गई अर्ह/पात्र विद्यार्थियों की पात्रता–सूची के कम में संबंधित अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को भी सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आयोजन की प्रक्रियान्तर्गत, निम्नलिखित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर समयबद्ध ऑन लाइन परीक्षा–आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करें।

1). उपर्युक्तानुसार सम्बन्धित सम्बद्ध संस्थाओं के अर्ह/पात्र विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे **दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 17.02.2024** तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये संबंधित पाठ्यक्रम की परीक्षा हेतु आवेदन प्रपत्र को ऑन–लाइन भरना सुनिश्चित करेंगे।

2). आवेदन करने वाले विद्यार्थी, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में **Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Fee Account) के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100000003 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में पूरक/नियमित परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क रू0 6000/–मात्र सहितशुल्क–धनराशि को RTGS/NEFT के माध्यम से अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी। अतः परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि ऑन लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियॉ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और **न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी।** अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक/संबंधित संस्थान/कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे।

3). विद्यार्थी ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन पत्र एवं जमा किये शुल्क की रसीद सहित मूल प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने संबंधित संस्थान में जमा करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा उसकी छायाप्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखें।

4). ऑन–लाइन सबमिशन की समस्या हेतु **हेल्पलाइन नं0**–9667277184 तथा Email-dsmnru.help@gmail.comपर सम्पर्क करें।

क्रमशः........(2)

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक CoE /FNo.CoE-24A/Nur/Para Med.Suppl&Reg.-Exam- Feb-March,2024/TSM/DSMNRU/2023–24 दिनांक .02.2024

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. सिस्टम एनॉलिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
5. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा कालेज ऑफ नर्सिंग, लखनऊ को इस आशय से कि अपने स्तर से अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखें तथा उससे संबंधित सूचीबद्ध सम्पर्णू विवरण सहित परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा कालेज ऑफ पैरामेडिकल साइन्स, लखनऊ को इस आशय से कि अपने स्तर से अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखें तथा उससे संबंधित सूचीबद्ध सम्पर्णू विवरण सहित परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
7. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
8. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी के प्रतिनिधि।
9. समस्त नोटिस बोर्ड/गार्ड फाइल।

10/2/24
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक